आयुर्वेद गर्भनिरोधी औषधि अनुसंधान संस्थान

(सी.सी.आर.ए.एस, "आयुष" मंत्रालय, भारत सरकार)
ओ/३ ब्लॉक, न्यू मैन्टल कैम्पस, मेघाणीनगर, अहमदाबाद-३८००१६ (गुजरात)
फोन नं. 079-22682155 ई-मेल acdri-ahmedabad@gov.in

फा.नं. 01-127/2015-16/आ.ग.औ.अ.सं/अहम./स्था./ दिनांक: 30.10.2015

विज्ञापन संख्या 02 / 2015

केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ आयुर्वेद गर्भनिरोधी औषधि अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद (गुजरात) में स्वास्थ्य रक्षण कार्यक्रम / आयुर्वेद मोबाइल हैल्थ केअर प्रोग्राम अंडर एस.सी.एस.पी. के अंतर्गत अनुबंध (संविदा) के आधार पर कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता, आयुर्वेद (J.R.F.), डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (D.E.O.) व मल्टी टास्क स्टाफ (M.T.S.) की नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार किया जाना है । विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	योग्यता विवरण	आयु	लिखित परीक्षा व साक्षात्कार दिनांक	पारिश्रमिक भुगतान राशि
1.	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता, आयुर्वेद (J.R.F.)	03	बी.ए.एम.एस उपाधि मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से	अधिकतम 35 वर्ष	06.11.2015 उपस्थिति समय प्रात: 09:00 बजे लिखित परीक्षा 10:00 बजे	रू. 25,000/- + मकान किराया भत्ता नियमानुसार
2.	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (D.E.O.)	02	मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से डिग्री व न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एज्युकेशन एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 35 w.p.m व हिन्दी में 30 w.p.m टाईपिंग गति	अधिकतम 27 वर्ष	07.11.2015 उपस्थिति समय प्रात: 09:00 बजे लिखित परीक्षा 10:00 बजे	रू. 16,000/- प्रतिमाह
3.	मल्टी टास्क स्टाफ (M.T.S.)	02	10 वीं पास या समकक्ष शैक्षणिक योग्यता	अधिकतम 25 वर्ष	08.11.2015 उपस्थिति समय प्रात: 09:00 बजे लिखित परीक्षा 10:00 बजे	रू. 10,000/- प्रतिमाह

1. पदों से सम्बन्धित आवश्यक योग्यता एवं आयु सीमा वाले इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रोफार्मा में पद के समक्ष अंकित तिथि में अपना आवेदन प्रस्तुत करें। लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को उसी दिन साक्षात्कार के लिये उपस्थित होना होगा।
2. उम्मीदवार की आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01.2015 को की जायेगी । एससी / एसटी / ओबीसी उम्मीदवार को भारत सरकार के सेवा नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ प्रदान किया जायेगा।
3. साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को सत्यापन हेतु अपने शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि एवं इनका एक सैट छायाप्रति तथा हाल ही का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा ।
4. आवेदक को लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का टीए / डीए देय नहीं होगा।
5. उक्त पदों पर भर्ती 06 माह / 01 वर्ष के लिये की जायेगी। परियोजना के आधार पर समय अवधि को कम अथवा अधिक किया जा सकेगा तथा परियोजना की समाप्ति के साथ स्वत: ही कार्य अवधि समाप्त हो जायेगी।
6. यह नियुक्ति पूर्णत: अस्थायी एवं संविदा आधार पर होगी । भविष्य में इस नियुक्ति को नियमित अथवा स्थायी करने का दावा (अधिकार) मान्य नहीं होगा।
7. चयन समिति को आवेदक को चयन एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है।
8. बायोडेटा का नमूना (Format) एवं भविष्य में किसी प्रकार की संशोधन-सूचना परिषद् की वेबसाईट www.ccras.nic.in पर ही अपलोड की जायेगी।

जी. बाबु

डॉ. जी. बाबु
प्रभारी सहायक निदेशक / वैज्ञा-4